abkesari.in (अम्बाला केसरी) बुधवार WEDNESDAY 25 सितम्बर 2024

जी.एम.एन. कॉलेज में शपथ ग्रहण समारोह के बाद निकाली रैली

अम्बाला, 24 सितम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी के एन.सी.सी. गर्ल्स और बव्यॉज विंग, एन.एस.एस. सैल तथा युवा रैडक्रॉस सैल के संयुक्त सहयोग से शपथ ग्रहण तथा रैली का सफल आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त के निर्देशन और डा. सीमा कंसल की अगुवाई में आयोजित किया गया।

डा. रोहित दत्त ने कहा कि हमें अपने मन को भी स्वच्छ रखना चाहिए और हमें अपने आसपास रहने के स्थान को भी स्वच्छ रखना चाहिए। कॉलेज कैंम्पस हो, घर या कार्यालय हो, सभी जगह स्वच्छता के नियमों का पालन करना ही एक जिम्मेदार नागरिक का कर्त्तव्य होता है। शपथ कम्पनी क्वॉर्टर मास्टर सार्जेंट रीया मेहरा द्वारा सभी कैडेटों तथा अन्य छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

समारोह में डा. सीमा कंसल, ए.एन.ओ. डा. नैन, सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा, डा. सरोज बाला तथा डा. राकेश कुमार के साथ लगभग 61 कैडेट्स तथा 43 अन्य छात्र की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। शपथ ग्रहण के पश्चात् सभी कैडेट्स तथा छात्रों ने कॉलेज के बाहर स्वच्छता ही संस्कार के नारे के साथ एक सफल रैली भी निकाली।

सभी कैडेट तथा अन्य छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलवाती रीया मेहरा। (वेबवाल)

रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (वेबवाल)